Title: Urged upon the Government to resume the irrigation project which was stopped in 1998-99, to help the small farmers in the state of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : महोदय, झारखण्ड एक पठारी क्षेत्र है और वहां जलधारा योजना के माध्यम से छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों द्वारा सिंचाई के लिए चैक डैम का निर्माण होता था । 1998-99 से इस योजना पर रोक लगा दी गई है । जिन किसानों को इस योजना के अन्तर्गत लाभ दिया गया था, उनमें से कुछ किसानों को आधा पेमेंट हुआ है और दो-तिहाई इन्स्टालमेंट्स के बाद फाइनल बिल भी नहीं मिला है । इससे किसानों के बहुत परेशानी है । जलधारा योजना एक मात्र सिंचाई की सुविधा है, लेकिन इस पर रोक लगा दी गई है । मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से आग्रह करता हूं कि इस जलधारा योजना को तुरन्त पहले की तरह चालू किया जाए, ताकि छोटे किसानों को यह सुविधा मिल सके ।